# डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने बाढ़ जलभराव की स्थिति का लिया जायजा

**हिण्डौन सिटी।** हिण्डौन शहर में बाढ़ के हालात का जायजा लेने प्रदेश के आपदा राहत मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा मंगलवार को हिंडौन पहुंचे। जहां उन्होंने जल भराव के बीच पहुंच कर लोगों के दुख दर्द जाने और उन्हें शीघ्र

- **डॉ किरोडी लाल मीणा ने इस दौरान जल निकासी की प्रमुख समस्या का केंद्र बने गंदे नाले को तोड़कर सफाई करने में फिर से सही तरीके से निर्माण करने के लिए 22 करोड रुपए जल्द स्वीकृत करने का आश्वासन भी दिया**



**हिण्डौन सिटी मे जल जलभराव की स्थिति जायजा लेते हुये आपदा राहत मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ।**

राहत दिलाने का आश्वासन दिया। डॉ किरोडी लाल मीणा ने इस दौरान जल निकासी की प्रमुख समस्या का केंद्र बने गंदे नाले को तोड़कर सफाई करने में फिर से सही तरीके से निर्माण करने के लिए 22 करोड रुपए जल्द स्वीकृत करने का आश्वासन भी दिया।

डॉ किरोडी लाल मीणा दोपहर करीब 1:30 बजे सड़क मार्ग से हिंडौन आए। वह कुछ दूरी तक लोगों के साथ पैदल पानी में चले इसके बाद ट्रैक्टर पर सवार होकर जल भराव वाले क्षेत्रों में पहुंचे तथा बाढ़ जैसे हालातो का जायजा लिया तथा लोगों के दुख दर्द जाने।

इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि सरकार और प्रशासन पूरी तरह उनके साथ है और उन्हें हर संभव जल्द राहत प्रदान करने के प्रयास किए जाएंगे। डॉ किरोडी लाल मीणा ने कहा कि हिंडौन में जल भराव की प्रमुख समस्या का कारण गंदा नाला है।

जिसका ठीक प्रकार से निर्माण नहीं हुआ और इस कारण जल की निकासी नहीं हो पाती है।

उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री से मिलकर हिंडौन शहर की जल निकासी की समुचित व्यवस्था करवाने के लिए 22 करोड रुपए स्वीकृत करवाएंगे। हालांकि उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि वह गत दिनों मंत्री पद से इस्तीफा दे चुके हैं, इसलिए अपनी बात मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे।

लेकिन बड़ी बात यहां यह भी है कि सरकार ने अभी उनका इस्तीफा मंजूर नहीं किया है।

डॉ किरोडी लाल मीणा ने कहा की वह प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर निर्देश देंगे की हिंडौन के जलभराव से प्रभावित लोगों को भोजन, पानी, चिकित्सा सहित अन्य सभी प्रकार की आवश्यक मदद तत्काल उपलब्ध कराएं।

इस दौरान व्यापारियों ने जल भराव से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की भी मांग रखी. जिस पर उन्होंने कहा कि आपदा राहत कोष से इस प्रकार की मदद देना संभव नहीं है लेकिन पीड़ित व्यापारियों की बात वह मुख्यमंत्री और कैबिनेट के समक्ष रखकर उन्हें हर संभव मदद दिलाने का प्रयास करेंगे।

इस दौरान लोगों ने गत दिनों में हिंडौन में सड़क, सीवरेज, पेयजल योजना सहित अन्य कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की बात कही। जिस पर उन्होंने कहा कि सभी मामलों की पूरी जांच कराई जाएगी और दोषियों को सजा मिलेगी। इस दौरान उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता एवं व्यापारी भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि पिछले चार दिनों से हिंडौन में बारिश के कारण हुए जल भराव से बाढ़ के हालात बने हुए हैं। हिंडौन की सैकड़ो दुकान और मकान कई फीट पानी में डूबी हुई हैं। हालत यह है कि लोगों को खाने-पीने की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है।

## रास्ते को लेकर दो गुटो के बीच हुआ झागडा

**करौली( नि.स. )।** रास्ते को को लेकर एक जाति विशेष के दो गुटों के बीच हुए झगड़े में बंदूक से हवाई फायरिंग हुई साथ ही लाठी डंडों से मारपीट से एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ जिसे उपचार के लिए करौली अस्पताल में भर्ती कराया गया उपचार के दौरान घायल ने पुलिस को पर्चा अभियान दर्ज कराऐ पर्चा बयानों पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले का अनुसंधान जारी किया।

यहां के निकटवर्ती रोड कला गांव निवासी अभिकेस पुत्र स्वर्गीय जगमोहन गुर्जर के पर्चा बयानों पर सदर थाना पुलिस ने लाडसिंह, हाकीम, रतिराम, उदय सिंह, शहर तीन-चार महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान जारी किया

घायल युवक पर्चा बयानों में खुलासा किया कि यह लोग गत दिन हमारे पास के रास्ते को खोद रहे थे तब मेरी मां ने उनसे मना किया तो इन लोगों ने मां से गाली गलौच कि और दूसरे दिन मे प्रात 9:00 बजे जंगल में पशु चराने गया था तब इन लोगों ने मेरे साथ लाठी डंडों से मारपीट कि और हवाई फायरिंग कि फायरिंग से मेरे बंदूक के छर्रे लगने से घायल हो गया घायल होने पर मेरे परिवार जनों ने करौली अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया।

## सार-समाचार

### जिला कलेक्टर ने लहराया तिरंगा



**डीग ( निस )।** आमजन में देशभक्ति की भावना का संचार करने के लिए मंगलवार को जिलेभर में राज्य सरकार के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत बाइक रैली का आयोजन हुआ। जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डीग श्रुति भारद्वाज और जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा ने स्वयं बाइक पर सवार होकर बाइक रैली निकाली और तिरंगा झंडा लहराया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज डीग में दूसरा दिवस मनाया जा रहा है जिसमे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम डीग, तहसीलदार डीग, उपनिदेशक पशुपालन विभाग, तहसीलदार एवं अन्य विभागों के अधिकारियों ने बाइक रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय आमजन ने भी भाग लिया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज ने कहा कि जिले भर में स्वतंत्रता दिवस हर्ष एवं उत्साह से मनाया जाएगा, साथ ही आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान 2024 प्रगतिशील भारत के लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को याद करने और जश्न मनाने के लिए भारत सरकार की ओर से की जाने वाली एक पहल है।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**धौलपुर, ( निसं )।** धौलपुर शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध खनन पत्थरों से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा एक्सीडेंट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसने 13 जून 2024 को हाउसिंग बोर्ड के पास एक्सीडेंट किया था। थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार रावत ने बताया कि एक्सीडेंट के मामले में फरार चल रहे आरोपी 37 वर्षीय हुसैन मोहम्मद पुत्र अशोक निवासी नट का पुरा मजरा सरानी खेड़ा थाना सदर धौलपुर को गिरफ्तार किया है। जिसने 13 जून को हाउसिंगबोर्ड के पास अवैध खनन कर पत्थरों से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा एक गाड़ी को टक्कर मारकर एक्सीडेंट किया था। उसी मामले में यह फरार चल रहा था, जिसे कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है।

### व्यापार प्रकोष्ठ बैठक संपन्न

**भरतपुर ( निस )।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ की एक बैठक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कृष्णमुरारी बंसल की अध्यक्षता में अजय रिसोर्ट में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मनोज खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद हिन्दू बहन बेटियों और आम हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार, प्रताड़ना, व्यभिचार और हत्याचार पर गहरा रोष प्रकट किया गया। प्रवक्ता मोहित गोयल ने बताया की बांग्लादेश में हिंदूओ पर हो रहे जघन्य अत्याचारों के ख़िलाफ़ भरतपुर में सर्व हिंदू समाज के द्वारा बांग्लादेशी हिंदूओ के समर्थन में एक विशाल आक्रोश रैली कल 14 अगस्त को दोपहर 1.30 बजे कुम्हेर गेट से बिजलीघर तक निकाली जायेगी। बैठक में जिले के सभी व्यापारी भाईयो से और आमजन से बांग्लादेशी हिंदू भाई बहनों के साथ हो रहे अमानवीय अत्याचार के ख़िलाफ़ आयोजित इस आक्रोश प्रदर्शन में अधिकाधिक संख्या में पहुँचने की अपील की गई। बैठक में वक्ताओं द्वारा विपक्ष के नेताओं की निंदा करते हुए कहा कि विदेश में जाकर भारत विरोधी भाषण देकर भारत की छवि खराब करने वाले विपक्ष के नेताओं की बांग्लादेश में हिंदूओ पर हो रहे अत्याचार पर चुप्पी इनकी हिंदू विरोधी मानसिकता को स्पष्ट करती हैं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मनोज खंडेलवाल, प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कृष्णमुरारी बंसल, महामंत्री राकेश मित्तल, प्रवक्ता मोहित गोयल, दीपक खंडेलवाल आदि व्यापारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक का संचालन महामंत्री राकेश मित्तल ने किया।

### ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**भरतपुर ( निस )।** कोतवाली थाना पुलिस ने गैगवार की योजना बनाने के मामले में 10 हजार रूपये का ईनामी बदमाश मोहित उर्फ रेसलर को गिरफतार कर विधि से संघर्षरत बालक को संरक्षण में लिया है। इस मामले में अब तक कुल 12 आरोपियों को गिरफतार किया जा चुका है। जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भरतपुर व वृत्ताधिकारी वृत्त शहर भरतपुर सुनील प्रसाद शर्मा के सुपरवजीन में डीएसटी टीम प्रभारी व थानाधिकारी रामरूप मय गठित द्वारा थाना कोतवाली के प्रकरण में गैगवार की योजना बनाने के मामले में वांछित चल रहे 10 हजार रूपये के ईनामी बदमाश मोहित उर्फ रेसलर पुत्र कुन्दनसिंह जाति जाट उम्र 25 साल निवासी तीन थोक जघीना थाना उद्योगनगर को गिरफ्तार कर विधि से संघर्षरत बालक को संरक्षण में लिया गया।

### नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

**हिंडौन सिटी ।** महाविद्यालय अग्रसेन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिण्डौन सिटी में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के द्वारा देश भर में मादक पदार्थों के सेवन से होने वाली गम्भीर बीमारियों से सुरक्षित रहने के लिए नशामुक्त भारत अभियान के तहत महाविद्यालय में नशा मुक्ति की शपथ दिलाई ,इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुभाष चन्द गुप्ता ने सभी को किसी प्रकार का नशा न करने के लिये प्रेरित किया।

## विचार गोष्ठी का आयोजन किया

**भुसावर ( निस )।** कृषि महाविद्यालय भुसावर पर एण्टी रैगिंग सप्ताह के अन्तर्गत 13 अगस्त मंगलवार को विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि उच्च शैक्षिणक संस्थानों में सीनियर विद्यार्थियों द्वारा जूनियर विद्यार्थियों के परिचय की आड़ में उन्हें प्रताड़ित करना एक परंपरा बन गयी है। इससे नये प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के मन में रैगिंग का डर बैठ जाता है और कई विद्यार्थी अपनी पढ़ाई छोड़ देते है अथवा आत्म हत्या जैसे कदम उठा लेते है अथवा उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है और उनका संम्पूर्ण कैरियर खराब होता है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं रैगिंग के खिलाफ गठित लिंगदोह आयोग ने शैक्षिणक संस्थानों में रैगिंग को अपराध माना है। इसमे प्रत्येक महाविद्यालय में एण्टी रैगिंग सेल गठित करना अनिवार्य है। इस सेल में रैगिंग से प्रभावित कोई भी विद्यार्थी अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है और यदि शिकायत सही पायी जाती है तो रैगिंग लेने वाले विद्यार्थी अथवा विद्यार्थी समूह को आर्थिक दण्ड अथवा कॉलेज से निष्कासित करना अथवा उसके खिलाफ पुलिस थाने मे एफआईआर दर्ज की जा सकती है। जिसमे कृत्य के अनुरूप् सजा का प्रावधान है। इस अवसर पर डॉ. मोहित कुमार व डॉ. शंकर लाल यादव ने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम में रेखा मीना, गीता गवारिया, अतुल शर्मा सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छात्र अनुराग सैनी व छात्रा अन्नुपल सानिया ने किया।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारी, मौत

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर-बाड़ी मार्ग पर मंगलवार को निभी का ताल देखने जा रहे दो बाइक सवार युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर से रेफर किया गया, जहां रास्ते में दूसरे युवक ने भी दम तोड़ दिया।

हादसे की सूचना पर जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के रजई का पुरा गांव के रहने वाले दो युवक 19 वर्षीय पंजाब पुत्र देवी प्रसाद और 18 वर्षीय गजेंद्र पुत्र अमर सिंह गांव से निभी का ताल देखने के लिए बाइक से गए थे। रास्ते में बाइक सवार दोनों युवकों



**दो बाइक सवार युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।**

को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके से गुजर रहे लोगों ने एंबुलेंस को बुलाकर दोनों को जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक गजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दूसरे युवक पंजाब सिंह को ड्यूटी डॉक्टर ने इलाज के लिए रेफर कर दिया। रेफर किए गए युवक पंजाब सिंह ने भी रास्ते में दम तोड़ दिया। सड़क हादसे में दोनों युवकों की मौत होने के बाद उनके शव को जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवाया गया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## रक्षा बंधन पर बहनों को दिया जा सकता है तोहफा

**करौली ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में बीमा पॉलिसी कराकर रक्षाबंधन पर बहनों को तोहफा दिया जा सकता है क्योंकि रक्षा बंधन त्योहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। इस त्योहार में सभी भाई अपनी बहन को सुरक्षा का वचन देते हुए हर मुश्किल से बचाने का संकल्प लेते है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश चंद मीणा ऐसे पावन पर्व के उपलक्ष्य पर जिले के भाइयों से अपील की है। कि भाई अपनी बहन को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की पॉलिसी देकर अपने फर्ज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी अपनाए। राजस्थान सरकार की महत्वकांक्षी फ्लेगशीप योजना मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अन्तर्गत 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा एवं 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा की पॉलिसी कवर की जाती है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में निःशुल्क श्रेणी के अन्तर्गत बीपीएल, खाद्य सुरक्षा, एसईसीसी 2011 के पात्र परिवार, लघु सीमान्त कृषक का बीमा स्वतः ही निशुल्क किया गया है। वहीं कोविड-19 की अनुग्रहित राशि पात्र परिवार, संविदा कार्मिक व ईडब्लूएस परिवार की प्रीमियम राशि स्वतः ही जमा हो जाएगी। लेकिन शेष परिवार जो कि सशुल्क श्रेणी के अन्तर्गत इस योजना का लाभ ई-मित्र के माध्यम से मात्र 850 रुपये की प्रीमियम राशि जमा कर ले सकते है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में पॉलिसी करवाने पर परिवार एक वर्ष तक के लिये बीमित होता है।

जिसमें राजस्थान के समस्त सम्बद्ध राजकीय चिकित्सा संस्थान एवं सम्बद्ध निजी चिकित्सालयों में योजनान्तर्गत निःशुल्क उपचार का लाभ ले सकते है।बीमा कैसे कराए:- कोई भी परिवार अपना जन आधार कार्ड या नम्बर एवं आधार कार्ड या नम्बर ई-मित्र केन्द्र पर ले जाकर अपना ई-केवाईसी करते हुए मात्र 850 रूपए की प्रीमियम राशि जमा करवाकर आयुष्मान आरोग्य योजना की बीमा पॉलिसी करवा सकता हैं।

इसमें उसके परिवार को एक वर्ष के लिए 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा एवं 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर मिलता हैं।

## तिरंगा रैली का बुधवार को

**करौली ( नि.स. )।** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि हर घर तिंरगा अभियान का आयोजन 10 से 15 अगस्त तक किया जा रहा है जिसके अंतर्गत कल 14 अगस्त को जिला स्तर, ब्लॉक स्तर, व ग्राम पंचायत स्तर पर तिंरगा यात्रा का आयोजन प्रातः 8 बजे से व जिला स्तर पर तिरंगा मेला का आयोजन सांय 5.00 बजे से किया जाना है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों, जिला स्तर पर उपखण्ड अधिकारी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, विकास अधिकारी पंचायत समिति करौली, ब्लॉक स्तर पर संबंधित विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम विकास अधिकारी को कार्यक्रम के सफल संचालन के संबंध में निर्देश दे दिये गये है।

## नाले में बहे दो युवक, एक ने तैर कर बचाई जान

**करौली ( नि.स. )।** करौली जिले के करणपुर थाना क्षेत्र स्थित अमरापुर के मावई नाला को रात्रि के समय पार करने के दौरान तीन युवक बह गए इस दौरान एक युवक ने तेरकर बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाई वही दो युवक नाले के तेज बहाव में बह गए बाहर निकले युवक ने ग्रामीणों और परिवार जनों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद देर रात पुलिस और ग्रामीणों ने पानी में बह युवकों को तलाश करने कि कोशिश कि लेकिन अंधेरे के कारण सफलता नहीं मिली मंगलवार को प्रातः जिला कलेक्टर ने करौली से एसडीआरएफ कि टीम को रवाना किया लेकिन करणपुर घाटी में कटाव के कारण टीम का वाहन मौके पर नहीं पहुंच पाया। ग्रामीण स्थानीय पुलिस की मदद से लापता युवकों की तलाश कर रहे हैं बहाव से बच निकले युवक रोशन पुत्र हरिचरण निवासी नानपुर ने बताया कि वह अपने दो साथी बबलू बैरवा 29 निवासी महावीर जी एवं विष्णु हरिजन 22 निवासी टोंक के साथ नाला पार कर रहा था तीनों ने एक दूसरे का हाथ पकड़ रखा था लेकिन नाले में तेज बहाव होने से दो साथी उसमें बह गए उसने जैसे तैसे तेरकर अपनी जान बचाई रात को मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने लापता युवकों को तलाश में कि कोशिश कि लेकिन रात के अंधेरे में कोई सफलता नहीं मिली।

## वनयात्रा कार्यक्रम संपन्न

**भरतपुर ( निस )।** एकल हरि वनवासी विकास ट्रस्ट भरतपुर इकाई के तत्वावधान में वन यात्रा का कार्यक्रम अजान गांव में चल रहे एकल विद्यालय में भ्रमण के साथ ट्रस्ट के अध्यक्ष अनुराग गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर उपस्थित अतिथियों द्वारा माल्यार्पण से हुआ। वन यात्रा में प्रमुख सुरेंद्र सिंह ने एकल विद्यालय के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला तो वहीं अजान एकल विद्यालय के आचार्य मुकेश सिंह ने एकल विद्यालय में होने वाली गतिविधियों से सभी को अवगत कराया।

एकल विद्यार्थियों द्वारा गायत्री मंत्र, राष्ट्रभक्ति गान एक राष्ट्रगान का सस्वर गायन किया। एकल महिला अध्यक्ष शोभा कंसल ने ट्रस्ट द्वारा बालकों को दी जा रही संस्कार पूर्ण शिक्षा पर हर्ष जताया।

कार्यक्रम संचालन कर रहे नरेंद्र निर्मल ने इस वन यात्रा को सफल बताते हुए कहा कि इन बच्चों को संस्कारित कर के भारतीय संस्कृति को बचाया जा सकता है।

इस अवसर पर योगेश शर्मा, रामेंद्र सराफ, सत्यव्रत आर्य, होम चंद कंसल, अनिल मित्तल, संतोष खंडेलवाल, मूल चंद आर्य, प्रह्लाद बंसल, वेदवती आर्य, नेहा मित्तल, अर्चना खंडेलवाल, राजवाला, राजकुमारी आदि सहित बड़ी संख्या में गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन पर ट्रस्ट के सचिव शंकरलाल गुप्ता ने सभी का आभार प्रकट किया।

## प्रशासन की तिरंगा रैली में उमड़ा देशभक्ति का ज्वार

- **प्रभारी सचिव और जिला कलेक्टर ने घर-घर तिरंगा लगाने का दिया संदेश**
- **धौलपुर शहर में तिरंगा पैदल यात्रा बड़ी फील्ड से आरंभ होकर लाल बाजार, गांधी पार्क,गुलाबबाग चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर सम्पन्न हुई।**

**धौलपुर।** हर घर तिरंगा 2024 अन्तर्गत जारी कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को पांचवे दिन जिले में निकाली गई तिरंगा यात्रा रैली में सैकड़ों संभागियों ने तिरंगा लेकर पैदल यात्रा करते हुए देशभक्ति का संदेश मुखरित किया। यात्रा में शामिल संभागियों ने शहरवासियों को यह भी संदेश दिया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अपने-अपने घरों, कार्यालयों, दुकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक स्थलों आदि पर तिरंगा फहराएं।

धौलपुर शहर में तिरंगा पैदल यात्रा बड़ी फील्ड से आरंभ होकर लाल बाजार, गांधी पार्क, गुलाबबाग चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर सम्पन्न हुई। कलेक्ट्रेट परिसर में जिला प्रभारी सचिव पी रमेश एवं जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने बाईक रैली में शामिल संभागियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर जिला प्रभारी सचिव ने कहा कि आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान 2024 प्रगतिशील भारत के लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को याद करने और जश्न मनाने के लिए भारत सरकार की ओर से की जाने वाली एक पहल है। बता दें कि यह महोत्सव भारत की जनता को समर्पित है, जिन्होंने न केवल भारत को उसकी विकास यात्रा में आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बल्कि उनके भीतर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और सक्रिय करने के दृष्टिकोण को संभव बनाने की शक्ति और क्षमता भी है, जो आत्मनिर्भर भारत की भावना से प्रेरित है। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा मनाया जा रहा है और जिले व राज्य की सामाजिक-सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक पहचान को प्रगति की ओर ले जाने वाली सभी चीजों का एक मूर्त रूप है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन तिरंगे के प्रति लोगों में गौरव की भावना एवं एकता के संदेश को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिलेवासियों का उत्साह अलग ही चरम पर पहुंच चुका है। रैली को मुख्य कार्यकारी अधिकारी धौलपुर सुदर्शन सिंह तौमर ने हरी झण्डी दिखाई। रैली में उपखंड अधिकारी साधना शर्मा, समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों कार्मिकों, सिविल डिफेंस, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग आदि के कार्मिकों, स्कूली बच्चों, स्काउट्स गाइड्स और नागरिकों ने हिस्सा लिया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुदर्शन सिंह तौमर ने अपील करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी लोग अपने घरों पर तिरंगा जरूर फहराएं तथा अन्य लोगों को इसके लिए प्रेरित करें।

### 6 युवक गिरफ्तार

**धौलपुर।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड के सदर थाना क्षेत्र के रामसागर बांध की रपट पर उत्पाद मचाते आधा दर्जन युवाओं को सदर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए युवाओं पर आरोप है कि वे बांध की रपट पर पुलिस की एडवाइजरी जारी करने के बावजूद भी उत्पात मचा रहे थे। इससे कोई भी दुर्घटना या हादसा हो सकता था।बाड़ी सदर थाना अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने बारिश के दौरान जिले के सभी बांधों और नदियों पर लोगों को सेल्फी लेने और बांध में कूद कर नाहने या रपट पर नहाने या उत्पात मचाने के लिए मना किया है। साथ में जिलेवासियों से अपील करते हुए एडवाइजरी जारी की है। और सभी थाना अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्र के बांधो, नदियों और तालाबों के किनारे नजर रखें। जिससे कोई भी दुर्घटना या हादसा गठित नहीं हो। ऐसे में थाना क्षेत्र के तालाबशाही, आरटी और रामसागर बांध पर पुलिस की गश्त लगाई हुई है। जहां पर सोमवार की शाम कुछ युवा घूमते हुए और नहाते हुए देखे गए। जिनको मौके पर मौजूद पुलिस जवानों ने तुरंत रपट से दूर होने की कहा और रपट पर नहाने की मना किया लेकिन पुलिस के बोलने के बावजूद भी युवा नहीं माने और बांध की रपट पर लगातार घूमते और उत्पात मचाते रहे। ऐसे में पुलिस को इन सभी युवाओं को गिरफ्तार करना पड़ा है। जिनके खिलाफ धारा 126/170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में कार्रवाई की है। एसएचओ विनोद कुमार ने बताया कि हेड कांस्टेबल योगेंद्र कुमार, कांस्टेबल वीरेंद्र और गाडी चालक बृजेश तिवारी के सहयोग से पुलिस ने रामसागर की रपट से विजय पुत्र रामवीर मीणा निवासी अमरुपुरा, रोहित मीणा पुत्र शक्ति सिंह निवासी खोरपुरा, मनमोहन पुत्र शक्ति सिंह निवासी खोरपुरा, नितिन पुत्र शक्ति सिंह निवासी खोरपुरा, राजेश पुत्र धर्मसिंह निवासी खोरपुरा और संदीप पुत्र धर्मसिंह निवासी खोरपुरा को गिरफ्तार किया है।

## आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक का आयोजित

**करौली ( नि.स. )** कृषि एवं उद्यानिकी, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा तथा जन अभियोग निराकरण विभाग मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा की अध्यक्षता में अतिवृष्टि के संबंध में आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन करौली में सर्किट हाउस में मंगलवार को हुई बैठक में कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने वर्तमान स्थिति से निपटने के लिए जिला स्तर के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर प्रभावित लोगों की मदद के लिए आवश्यक कदम उठाने के दिशा- निर्देश दिए।

बैठक में मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने कहा कि अतिवृष्टि के कारण आपदा की स्थिति में सभी अधिकारी आपसी समन्वय से सक्रिय रहकर कार्य करें।

उन्होंने अधिकारियों से करौली में जल भराव क्षेत्रों की जानकारी लेकर शहर में स्थित गौशाला,राधेश्याम मैरिज गार्डन सहित अन्य अवरूद्ध रास्तों की पानी निकासी एवं सफाई कर चालू करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में बारिश के पानी की निकासी के लिए अतिक्रमण को हटाकर नालों को सुचारु किया जाए। मंत्री डॉ.किरोडी लाल मीणा ने शहर के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्र में क्षितग्रस्त सड़कों की सूची तैयार कर यथाशीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दिए। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से जलजनित मौसमी बीमारियों की निगरानी रखते हुए पूर्व तैयारी रखने के निर्देश दिए, जलदाय विभाग के अधिकारी को बारिश के मौसम में पानी की सेंपलिंग एवं क्लोरीनेशन करवाकर पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित करने एवं पेयजल आपूर्ति की स्थिति जानकर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारी को बरसात के मौसम में पोल गिरने एवं विद्युत लाईन टूटने जैसी घटनाओं की सुचना प्राप्त होते ही त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया ताकि किसी प्रकार की जनहानि घटित ना हो। बैठक के बाद मंत्री डॉ.किरोडी लाल मीणा ने राधेश्याम मैरिज गार्डन के आस-पास जलभराव क्षेत्र का मौका निरीक्षण कर अधिकारियों को पानी निकासी की यथाशीघ्र व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी जलभराव क्षेत्रों का नियमित मौका निरीक्षण करते हुए आपदा प्रबंधन के समुचित इंतजाम करें, जिससे आमजन को तत्काल राहत उपलब्ध हो सके। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राजवीर सिंह चैधरी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबली राम जाट, उपखण्ड अधिकारी पिंकी गुर्जर, उपखण्ड अधिकारी मण्डरायल बृजेश गुप्ता सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## फिजियोथैरेपी एवं जांच के कैंप संपन्न

**भरतपुर ( निस )।** दाल बाजार व्यापार महासंघ का फिजियोथैरेपी एवं जांच के कैंप संपन्न हुआ। कैंप का उद्घाटन खाटू श्याम बाबा के आगे दीप प्रचलित करके संरक्षक विष्णु कुमार सोनी एवं राजकुमार आलिया एवं नरेश कुमार जाटव पार्षद द्वारा किया गया। कैंप में दाल बाजार व्यापार महासंघ अध्यक्ष रिषभ बंसल काजलवाल महामंत्री राहुल सोनी एवं कोषाध्यक्ष हरीश गर्ग (हीरो भाई) एवं कार्यकारिणी के सदस्य मनीष गर्ग, सुभाष सर्राफ, नमन गोयल, चेतन बंसल आदी मेंबर सम्मिलित हुए। कैंप में 75 मरीजों को निरूशुल्क परामर्श किया गया एवं 30 रोगियों की नर्वोस्कोप को द्वारा रीड की हड्डियों की दबी हुई नसों की जांच की गई। जिसमें से 19 मरीजों को रीड की हड्डी में दबाव पाया गया 11 मरीजों को लकवा की शिकायत थी। जिनमें से तीन मरीजों को चेहरे का लकवा था। कैंप में सीपी चाइल्ड घुटने के दर्द एड़ी में दर्द कंधे का जाम होना आदि मरीजों को भी निशुल्क परामर्श दिया गया तथा उनकी निशुल्क फिजियोथैरेपी की गई। पैरालिसिस रोगियों के लिए और रोबोटिक एवं गेट ट्रेनर जैसी एडवांस मशीनों द्वारा थेरेपी दी गई शिवम में डॉक्टर वीएन शर्मा ने कहा लकवा ग्रस्त रोगियों को नियमित फिजियोथैरेपी लेनी चाहिए तथा मानसिक तनाव से बचना चाहिए। कमर दर्द और घुटने के दर्द के रोगियों को बरसात के मौसम में ज्यादा परेशानी होती है।